दक्षता आधारित कार्य-पत्रक

विषय: हिन्दी कक्षा : छठी

पाठ/प्रकरण का नाम : ऐसे-ऐसे	समयावधि : 40 मिनट
विद्यार्थी का नाम : -------------------------	पूर्णांक :
अनुक्रमांक (रोल नं) :	दिनांक : ..../.../ 2023

निर्देश:- **1. सभी प्रश्न अनिवार्य है| 2. कार्य-पत्रक में दिए गए स्थान पर ही उत्तर लिखें|**
3. लेखन कार्य की स्पष्टता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखें|

(बहुविकल्पीय प्रश्न)|

प्र. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प को चुनकर लिखिए|

जी नहीं, वह नहीं है । बिलकुल नहीं है । (मोहन से) जरा मुँह फिर खोलना। जीभ निकालो । (मुँह से जीभ निकालता है) हाँ, कब्ज ही लगता है| कुछ बदहजमी भी है । (उठते हुए) कोई बात नहीं| दवा भेजता हूँ । (पिता से) क्यों न आप ही चलें! मेरा विचार है कि एक ही खुराक पीने के बाद तबीयत ठीक हो जाएगी । कभी-कभी हवा रुक जाएगी । कभी-कभी हवा रुक जाती है और फंदा डाल लेती है । बस उसी की ऐंठन है ।

1 ये वाक्य किसने और किससे कहा ? 1

(क) मास्टर ने मोहन से

(ख) मोहन की माँ ने पड़ोसन से

(ग) डॉक्टर ने मोहन के पिताजी से

(घ) वैद्य ने मोहन की माँ से

2 'बदहजमी' शब्द से क्या तात्पर्य है ? 1

(क) खाना हज्म न होना (ख) बद हवास होना (ग) मुँह बंद होना (घ) इनमें से कोई नहीं

3 डॉक्टर ने मोहन को मुँह खोलने के लिए क्यों कहा ? 1

(क)वह मुँह में दवाई डालना चाहता था ।

(ख)वह मुँह और जीभ देखकर उसकी बीमारी को पहचानना चाहता था ।

(ग)वह उसके दाँत को देखना चाहता था ।

(घ)वह देखना चाहता था कि मुँह में से बदबू तो नहीं आ रही ।

4 कभी-कभी .... रुक जाती है और .... डाल लेती है | 1

(क) गाड़ी, पेट्रोल

(ख) हवा, झुला

(ग) मकड़ी, जाल

(घ) हवा, फंदा

egyanarchive

5 'तबीयत' किस भाषा से संबंधित है ? 1

(क) हिंदी (ख) उर्दू (ग) अंग्रेजी (घ) बंगाली

(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)

6. निम्नलिखित मुहावरे को उनके अर्थों से मिलान करें :- 1

<u>मुहावरे</u>	**<u>अर्थ</u>**
(क) अंट-शंट खाना	(i) बार-बार कहना
(ख)रट लगाना	(ii) फालतू चीजें खाना
(ग)फंदा डालना	(iii) आश्चर्यचकित रहना
(घ)ठगे से रहना	(iv) जाल में फँसाना

(क) (ii), (i), (iv), (iii)

(ख) (i), (ii), (iii), (iv)

(ग) (iii), (iv), (ii), (i)

(घ) (iv), (iii), (i), (ii)

7. निम्नलिखित वाक्यों को अर्थ के आधार पर पहचान कर वाक्य के भेद बताएँ- 1

(I) एक गिलास पानी लाओ।

(क) विधानवाचक (ख) आज्ञावाचक (ग) प्रश्नवाचक (घ) निषेधवाचक

8. (II) तुम क्या कर रहे हो ? 1

(क) आज्ञावाचक (ख) निषेधवाचक (ग) प्रश्नवाचक (घ) विधानवाचक

(वर्णनात्मक प्रश्न)

9. दीनानाथ कौन था ? उन्होंने मोहन की क्या विशेषता बताई ? 2

उत्तर:- --

----

10. मोहन ने पेट में' ऐसे-ऐसे होने का बहाना ही क्यों बनाया होगा ? कल्पना करके लिखो। 2

उत्तर:- --

----

11. 'ऐसे-ऐसे' पेट का दर्द नहीं है, स्कूल का काम न करने का डर है।'- ये वाक्य किसने कहा और किससे कहा ? 2

उत्तर:- --

----

egyanarchive

12. मोहन ने बस-अड्डे पर आकर अपने पिताजी से क्या कहा ? 2

उत्तर:- --

(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)

13. कोरोना महामारी पर दो मित्रों के बीच 50 शब्दों में संवाद लिखें। 4

उत्तर:- --

----

egyanarchive

उत्तरमाला

प्रश्न	दक्षता/उद्देश्य	उत्तर	
		(बहुविकल्पीय प्रश्न)	
1.	**ज्ञानात्मक**	**उत्तर:- (ग)** डॉक्टर ने मोहन के पिताजी से	1
2.	**ज्ञानात्मक**	**उत्तर**:- **(क)** खाना हज्म न होना	1
3.	**बोधात्मक**	**उत्तर:- (ख)** वह मुँह और जीभ देखकर उसकी बीमारी को पहचानना चाहता था	1
4.	**विश्लेष्णात्मक**	**उत्तर:- (घ)** हवा , फंदा	1
5.	**स्मरणात्मक**	**उत्तर:-** (ख) उर्दू	1
		(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)	
6.	**अनुप्रयोगात्मक**	**उत्तर:- (क)** (ii), (i), (iv), (iii)	1
7.	**अनुप्रयोगात्मक**	**उत्तर:-** (ख) आज्ञावाचक	1
8.	**अनुप्रयोगात्मक**	**उत्तर:-** (ग) प्रश्नवाचक	1
		(वर्णनात्मक प्रश्न)	
9.	**विश्लेष्णात्मक**	**उत्तर:-** दीनानाथ मोहन का पड़ोसी था। उन्होंने मोहन की यह विशेषता बताई कि वह कभी शांति से नहीं रहता। इसको मुक्का , उसे थप्पड़ से मुहल्ले के बच्चों को परेशान करते रहता है।	2
10.	**बोधात्मक**	**उत्तर:-** मोहन ने विद्यालय के गृहकार्य एवं कक्षाकार्य को समय पर नहीं किया होगा तथा दूसरे दिन उस विषय के अध्यापक ने कॉपी जाँच करने के लिए माँगे होंगे इसलिए उसने ऐसे-ऐसे का बहाना बनाया होगा।	2
11.	**ज्ञानात्मक**	**उत्तर:-** 'ऐसे-ऐसे' पेट का दर्द नहीं है, स्कूल का काम न करने का डर है।' - ये वाक्य मोहन के मास्टर जी ने मोहन से कहा ।	2
12.	**स्मरणात्मक**	**उत्तर:-** मोहन ने बस-अड्डे पर आकर पेट पकड़कर अपने पिताजी से कहा कि मेरे पेट कुछ 'ऐसे-ऐसे' होता है।	2
		(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)	
13.	**सृजनात्मक**	**उत्तर:-** रोहन- कैसे हो दोस्त, सुना है तुम्हें कोविड हुआ था ? दिनेश- हाँ यार, पर सबकी दुआओं से अब ठीक हो गया हूँ | रोहन- सुनकर अच्छा लगा मित्र कि तुम स्वस्थ हो | दिनेश- हाँ यार , कोरोना दिन पर दिन बढ़ रहा है | तुम भी सावधानी से रहना | रोहन- हाँ यार, सावधानी रखते हैं पर कोरोना के कारण बहुत समस्याएँ होती हैं | दिनेश- हाँ यार, सावधानी रखेंगे तो ये समस्याएँ जल्द ही खत्म हो जाएगी | रोहन- तुम भी अपना ध्यान रखना मित्र | दिनेश- हाँ मित्र, धन्यवाद | **(नोट-** विद्यार्थी के स्वविवेक पर आधारित मूल्यांकन**)**	4

egyanarchive